संपादकीय

# रोजगार पर गहरी मार

**विकल्प यही है कि भारत अपनी अर्थव्यवस्था को इस रूप में खड़ा करे, जिससे सर्विस एक्सपोर्ट पर इसकी निर्भरता घटे। साथ ही देश के अंदर रिसर्च एंड डेवलपमेंट के साथ-साथ आधुनिक उद्योग धंधों का जाल भी बिछे।**

**यह खबर सचमुच परेशान करने वाली है कि अमेरिका में बड़ी टेक कंपनियों में जा रही नौकरियों का सबसे बड़ा शिकार वहां रहने वाले भारतीय हुए हैं। वैसे, ये बात तार्किक भी है कि इस उद्योग में जिस देश के लोगों की सबसे ज्यादा भागीदारी है, जब संकट आएगा, तो सबसे ज्यादा मार भी उन पर ही पड़ेगी। बहरहाल, एक रिपोर्ट में बताया गया है कि गूगल, फेसबुक आदि जैसी बड़ी टेक कंपनियों ने लगभग दो लाख कर्मचारियों को हटा दिया है, जिनमें 80 हजार से अधिक भारतीय हैं। ये भारत ऐसे वीजा पर गए थे, जिनके तहत नौकरी ना रहने पर 60 दिन के अंदर उन्हें अमेरिका छोड़ना होगा। जाहिर है, उनमें से ज्यादातर को जल्द ही भारत लौटना होगा। आखिर जिस समय नौकरियां जाने का दौर है और इस वर्ष अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मंदी ग्रस्त होने की आशंका गहराती जा रही है, नई नौकरियां मिलने की गुंजाइश को न्यूनतम ही है। अचानक नौकरी जाने से उनके पूरे पारिवारिक जीवन का ताना-बाना डगमगा जाएगा।**

**बहरहाल, वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था में निहित यह अंतर्निहित जोखिम है। भारत जैसे देश, जिसने मैनुफैक्चरिंग और हाई टेक में अनुसंधान एवं विकास की अनदेखी की है, वहां के कुशल कर्मियों की रोजगार पाने की उम्मीद विकसित देशों से जुड़ी होती है। उन देशों में जो स्थिति पैदा होती है, उसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ता है। इसका विकल्प यही है कि भारत अपनी अर्थव्यवस्था को इस रूप में खड़ा करे, जिससे सर्विस एक्सपोर्ट पर इसकी निर्भरता घटे। साथ ही देश के अंदर रिसर्च एंड डेवलपमेंट के साथ-साथ आधुनिक उद्योग धंधों का जाल भी बिछे। यह प्रयास ना करने का परिणाम भारतीय कारोबार की प्रतिस्पर्धा क्षमता में लगातार गिरावट आने के रूप में आया है, जिससे हाल के वर्षों में भारत को बहुपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों से मुंह मोड़ना पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्सर आपदा को अवसर बनाने का मंत्र देते हैं। तो अब अमेरिका में बनी स्थिति फिर एक ऐसा मौका है, जिसे उनकी सरकार चाहे, तो अवसर बना सकती है। लेकिन अभी तक सरकार को वास्तविक नजरिया रहा है, उसके बीच ऐसा होने की उम्मीद मजबूत नहीं है।**

# डीजीसीए ने गो एयर को लगाया 10 लाख रुपए का जुर्माना

**❒ बेंगलुरू हवाईअड्डे पर 55 यात्रियों को छोड़कर भरी थी उड़ान**




**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने नियमों के उल्लंघन के लिए गो एयर पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, 9 जनवरी को बेंगलुरु से दिल्ली जाने वाली गो एयर की एक फ्लाइट ने बेंगलुरु हवाई अड्डे पर 55 यात्रियों को छोडक़र उड़ान भरी थी। विमानन नियामक ने गो फस्र्ट के जवाबदेह मैनेजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसमें पूछा गया था कि उनके नियामक दायित्वों की अवहेलना के लिए उनके खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए। अधिकारियों ने कहा कि गो फस्र्ट ने नोटिस का जवाब 25 जनवरी को सौंप दिया था। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'गो फस्र्ट के जवाब से पता चलता है कि टर्मिनल समन्वयक वाणिज्यिक कर्मचारियों और चालक दल के बीच विमान में यात्रियों के बोर्डिंग के संबंध में अनुचित संचार और समन्वय था।

अधिकारी ने कहा कि जांच में साफ हुआ है कि एयरलाइन ग्राउंड हैंडलिंग, लोड और ट्रिम शीट तैयार करने, फ्लाइट डिस्पैच और पैसेंजर/कार्गो हैंडलिंग के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने में विफल रही है। इस सबको देखते हुए कंपनी पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

इससे पहले विमानन नियामक ने गौर किया था कि नौ जनवरी को बेंगलुरू हवाईअड्डे पर एक यात्री कोच में 55 यात्रियों को छोडऩे वाली एक फ्लाइट की घटना में गो फस्र्ट संबंधित नियमों का पालन करने में विफल रहा था। मौजूदा मामले में, उचित संचार, समन्वय, सुलह और पुष्टि की कमी जैसी कई गलतियों के परिणामस्वरूप अत्यधिक परिहार्य स्थिति उत्पन्न हुई है और इसलिए, डीजीसीए ने कारण बताओ नोटिस जारी किया।

गो फस्र्ट ने एक बयान में कहा था कि एयरलाइन ने घटना की जांच शुरू कर दी है और मामले की जांच की जा रही है। एयरलाइन ने सभी प्रभावित यात्रियों को किसी भी घरेलू मार्ग पर यात्रा के लिए एक मुफ्त टिकट देने का फैसला किया था। एयरलाइन ने कहा, ग्राहक केंद्रित हमारी फिलॉसफी के अनुरूप, एयरलाइन ने सभी प्रभावित यात्रियों को अगले 12 महीनों में किसी भी घरेलू क्षेत्र में यात्रा के लिए एक मुफ्त टिकट देने का फैसला किया है।

# भारत ने न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराया, विश्व कप फाइनल में बनाई जगह



**पोचेफस्ट्रूम।** पार्शवी चोपड़ा (20 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के बाद श्वेता सेहरावत (61 नाबाद) और सौम्या तिवारी (22) की आतिशी पारी की बदौलत भारत ने महिला टी-20 अंडर-19 विश्वकप के सेमीफाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को आठ विकेट से रौंद कर शान के साथ फाइनल में प्रवेश किया। सेनवेस पार्क में न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुये निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 107 रन बनाये। जवाब में भारतीय लड़कियों ने 14.2 ओवर में दो विकेट खोकर 110 रन बनाते हुये विजयी लक्ष्य हासिल किया।

पाशर्वी ने अपनी फिरकी में न्यूजीलैंड को फंसाते हुए चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट लिये। इसके अलावा टिटास साधू, मन्नत कश्यप, सोनम यादव और अर्चना देवी के अलावा कप्तान शेफाली वर्मा ने एक-एक सफलता हासिल की।

न्यूज़ीलैंड के लिये जॉर्जिया प्लिमर और इज़ाबेला गेज़ के अलावा कोई भी बल्लेबाज विकेट पर समय नहीं बिता सका। प्लिमर ने 32 गेंद पर दो चौकों के साथ 35 रन बनाये जबकि इज़ाबेला ने 22 गेंदों पर चार चौकों की बदौलत 26 रन का योगदान दिया। कप्तान इज़्ज़ी शार्प ने 13 रन बनाये जबकि न्यूज़ीलैंड के अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने शेफाली वर्मा (10) का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन इसके बाद सेहरावत ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से कीवी टीम पर कहर बरपाया।

सेहरावत ने 45 गेंदों पर 10 चौकों के साथ 61 रन बनाये और सौम्या तिवारी (26 गेंदें, 22 रन, तीन चौके) के साथ 62 रन की मैच जिताऊ साझेदारी की। सौम्या लक्ष्य के करीब आकर एना ब्राउनिंग (18/2) का शिकार हो गयीं, जिसके बाद सेहरावत ने विजयी चौका लगाकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। भारत का सामना रविवार को होने वाले फाइनल में इंग्लैंड या ऑस्ट्रेलिया में से किसी एक से होगा।

# अंतर विभागीय टी-20 इंजीनियरिंग डेयरडेविल्स सेमीफाइनल में

**लखनऊ।** मैन ऑफ़ द मैच रोहित (21 रन, 3 विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन से इंजीनियरिंग डेयरडेविल्स ने आइडियल अंतर विभागीय टी-20 क्रिकेट लीग के पहले चर्टरफाइनल में इलेक्ट्रिकल लोको वारियर्स को 43 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल क्रीड़ा संघ के तत्वाधान में ऐशबाग रेलवे स्टेडियम पर खेले गए मैच में इंजीनियरिंग डेयरडेविल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में छह विकेट पर 157 रन बनाये। मनीष झा (35) के अलावा कुलदीप यादव (24), रोहित (21), धर्म सिंह (19) और सुरेश भास्कर (16 नाबाद) रन का योगदान किया। जवाब में इलेक्ट्रिकल लोको वारियर्स निर्धारित ओवरों में नौ विकेट पर 114 रन ही बना सका। टीम ने 28 रन पर ही तीन विकेट गंवा दिए थे। आखिरी बल्लेबाज विपिन वर्मा (नाबाद 16) ने सर्वाधिक रन बनाये।

इंजीनियरिंग डेयरडेविल्स से रोहित ने और रामदेव सिंह ने 3-3 विकेट हासिल किये।

# अडानी और बजट की आंधी में डूबे निवेशक, लगी 12 लाख करोड़ रुपए की चपत

**मुंबई।** वैश्विक बाजार के कमजोर रुझान से हतोत्साहित निवेशकों को स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज और पावर समेत सोलह समूहों में 7.34 प्रतिशत तक की बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी में करीब डेढ़ फीसदी की गिरावट आई। एक रिपोर्ट की वजह से अडानी ग्रुप के शेयरों में जोरदार गिरावट का देखी गई है। अब इसी शॉर्ट सेलिंग के डर से आज बाजार की आंधी में रुढ़्ढष्ट और बैकिंग इंडेक्स भी बह गए।

बेंचमार्क इंडेक्स वैश्विक बाजार में सकारात्मक ट्रेंड के बावजूद करीब दो फीसदी गिर गए हैं। अगले हफ्ते बाजार के नजरिए से दो मुख्य घटनाएं हैं- केंद्रीय बजट 2023 और यूएस फेडरल रिजर्व बैठक। ऐसे में निवेशक सावधानी बरत रहे हैं। मौजूदा समय में, बीएसई मार्केट कैपिटलाइजेशन 280.39 लाख करोड़ रुपये से गिरकर 268.64 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। इससे दो सत्रों के दौरान निवेशकों की दौलत में 11.75 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 874.16 अंक अर्थात 1.45 प्रतिशत लुढक़कर 60 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 59,330.90 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 287.60 अंक यानी 1.61 प्रतिशत का गोता लगाकर 17,604.35 अंक पर रहा। बीएसई का मिडकैप भी 1.29 प्रतिशत टूटकर 24,338.84 अंक और स्मॉलकैप 1.89 अंक गिरकर 27,623.85 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3658 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें से 2668 बिकवाली जबकि 890 में लिवाली हुई वहीं 100 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 37 कंपनियां लाल जबकि शेष 13 हरे निशान पर रही। बीएसई में 16 समूहों में गिरावट रही। यूटिलिटीज समूह ने सबसे अधिक 7.34 प्रतिशत का नुकसान उठाया। इसी तरह पावर 6.79, सर्विसेज 6.23, कमोडिटीज 3.27, ऊर्जा 5.22, वित्तीय सेवाएं 2.48, दूरसंचार 3.79, बैंकिंग 3.06 और तेल एवं गैस समूह के शेयर 5.75 प्रतिशत लुढक़ गए। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 38 अंक फिसलकर 60,166.90 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा। हालांकि इसके बाद शुरू हुई बिकवाली से यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 58,974.70 अंक के निचले स्तर तक लुढक़ गया।

# महिला अधिकारियों की देखरेख में होगा महिला टी-20 विश्वकप



**जोहांसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में 10 फरवरी से शुरू होने वाला महिला टी20 विश्व कप पहली बार पूरी तरह से महिला अधिकारियों की देखरेख में खेला जायेगा।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला टी-20 विश्वकप के लिये तीन मैच रेफरी और दस अंपायरों के पैनल की घोषणा की हैं जिसमें सात देशों की अधिकारी शामिल हैं। भारत की जीएस लक्ष्मी, दक्षिण अफ्रीकी की शैंड्रे फ्रिट्ज और श्रीलंका की मिशेल परेरा को मैच रेफरी बनाया गया है जबकि ऑन-फील्ड और टीवी अंपायर सू रेडफर्न (इंग्लैंड), एलोइस शेरिडन (ऑस्ट्रेलिया), क्लेयर पोलोसाक (ऑस्ट्रेलिया), जैकलीन विलियम्स (वेस्टइंडीज), किम कॉटन (न्यूजीलैंड), लॉरेन एजेनबाग (दक्षिण अफ्रीका), अन्ना हैरिस (इंग्लैंड), वृंदा राठी (भारत), एन जननी (भारत) और निमाली परेरा (श्रीलंका) होंगी।

आईसीसी के एक बयान में कहा है कि पैनल का चयन आईसीसी की क्रिकेट में महिलाओं की भागीदारी को आगे बढ़ाने की रणनीतिक महत्वाकांक्षा का एक हिस्सा है।

आईसीसी के महाप्रबंधक क्रिकेट वसीम खान ने कहा,महिला क्रिकेट हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ रहा है और हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि अधिक महिलाओं को उच्चतम स्तर पर कार्य करने का अवसर मिले। यह घोषणा हमारे इरादे और इच्छाशक्ति को दर्शाता है। हम महिला मैच अधिकारियों का समर्थन जारी रखने और वैश्विक मंच पर उन्हे अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

गौरतलब है कि महिला टी20 विश्व कप का आठवां संस्करण दस फरवरी को मेजबान दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच मैच से शुरू होगा। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ग्रुप ए में बांग्लादेश, न्यूज़ीलैंड, श्रीलंका और दक्षिण एरिका के साथ है जबकि ग्रुप बी में इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, पाकिस्तान और वेस्ट इंडीज हैं। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। मैच केप टाउन, गेकबेर्हा और पार्ल में खेले जाएंगे और फाइनल 26 फरवरी को न्यूलैंड्स में होगा।

# सोनोवाल ने किया नेशनल लॉजिस्टिक पोर्टल का अनावरण



**नई दिल्ली।** केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने नेशनल लॉजिस्टिक पोर्टल (एनएलपी :समुद्री:)का उद्घाटन किया जो हितधारकों की सुविधा के लिए एक खुले डिजिटल प्लेटफार्म की अवधारणा पर विकसित किया गया है।

समुद्री: राष्ट्रीय महत्व की एक परियोजना है, इसे बंदरगाह, नौवहन जलमार्ग मंत्रालय और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय ने विचार-विमर्श करके तैयार किया गया है।

इस पोर्टल के अनावरण के अवसर पर श्री सोनोवाल ने कहा, प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त 2021 को लोगों, वस्तुओं और सेवाओं के निर्बाध आवागमन के लिए विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को व्यवस्थित, मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान की घोषणा की, जिसके परिणामस्वरूप लॉजिस्टिक का अधिक कुशलता से संचालन संभव हुआ है। इस मिशन को पूरा करने के लिए बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने एनएलपी (समुद्री) विकसित किया है, जो एक 'खुला मंच' है जो कई सेवा प्रदाताओं के सह-अस्तित्व को स्वतंत्र रूप से या विभिन्न कनेक्टिविटी विकल्पों के संयोजन से एक्जिम से संबंधित सेवाएं प्रदान करने की अनुमति देता है।

एनएलपी :समुद्री: लागत और समय को कम करके दक्षता और पारदर्शिता में सुधार करने और सेवाओं के विकास को बढ़ावा देने के लिए सेवाओं की आसान, तेज और अधिक प्रतिस्पर्धी पेशकशों को प्राप्त करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से लॉजिस्टिक समूह के सभी हितधारकों को जोडऩे के उद्देश्य से एक वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म है।

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपकी सामाजिक क्षेत्र में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आप कोई नया व्यापार शुरू करने का मन बना सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल होंगे। नौकरी पेशा वाले लोगों को पदोन्नति मिलने के योग हैं।

***वृष :*** आज आपको रचनात्मक कार्यों का प्रतिफल प्राप्त होगा। व्यापार में उन्नति मिलने के योग हैं। कानूनी मामलों में सफलता मिल सकती है। पति-पत्नी के बीच बेहतर तालमेल बने रहेंगे। जीवनसाथी आपकी भावनाओं को समझेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

***मिथुन :*** आपकी आज अचानक धन लाभ मिलने की संभावना नजर आ रही है। सामाजिक दायरा बढ़ेगा। आपका दिन भागदौड़ भरा रहेगा। गुप्त शत्रुओं से सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योंकि यह आपके कामकाज बिगाडऩे की कोशिश कर सकते हैं।

***कर्क :*** आज आप अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिल सकता है। नौकरी के क्षेत्र में बड़े अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल बने रहेंगे । मेहनत का फल मिलेगा। स्वास्थ्य लाभ होगा।

***सिंह :*** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। शादीशुदा जिंदगी में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है फिर भी जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा । घर में किसी मांगलिक कार्यक्रम के आयोजन की चर्चा हो सकती है। माता-पिता के स्वास्थ्य में सुधार आएगा।

***कन्या :*** आज आप किसी लाभदायक यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी के क्षेत्र में लाभ मिलने की संभावना है। निवेश में फायदा मिल सकता है। किस्मत आपका पूरा साथ देगी। घरेलू सुख साधनों में बढ़ोतरी होगी।

***तुला :*** आपका आज का दिन मिलाजुला नजर आ रहा है। बड़े अधिकारियों को प्रसन्न करना काफी कठिन हो सकता है। दोस्तों के साथ मिलकर आप कोई नया व्यापार शुरू करने का मन बना सकते हैं।

***वृश्चिक :*** आपको आज धन से जुड़े हुए मामलों में काफी सतर्क रहना होगा। आप किसी को भी पैसा उधार मत दीजिए। आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं। पुराने मित्रों से मिलना-जुलना हो सकता है।

***धनु :*** आज आप अपने प्रयासों से सफलता हासिल करेंगे। प्रभावशाली लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आपका मन प्रसन्न रहने वाला है। कार्यप्रणाली में सुधार आएगा। पिताजी से व्यापार के विषय में बातचीत कर सकते हैं । स्वास्थ्य सुधार होगा।

***मकर :*** आपका आज का दिन पहले के दिनों की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आपका मन धर्म-कर्म के कामों में अधिक लगेगा। सत्संग से लाभ मिल सकता है। व्यापार अच्छा चलेगा। आपका मन प्रसन्न रहने वाला है।

***कुंभ :*** आज आपका दिन मिला जुला रहेगा । वाहन और मशीनरी के प्रयोग में सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आप अपनी कीमती चीजों को संभाल कर रखें। कोई भी जोखिम लेने से बचना होगा।

***मीन :*** आज आपको प्रेम संबंधित मामलों में सफलता हासिल होगी। कानूनी बाधा दूर हो सकती है। परोपकारी स्वभाव होने से दूसरों की मदद करेंगे। कामकाज के प्रति आप लापरवाही मत कीजिए।

# गदर 2 से सनी का फर्स्ट लुक रिलीज, हथौड़ा लिए गुस्से में नजर आए तारा सिंह




सनी देओल भले ही पहले की तरह फिल्मों में सक्रिय ना हो, लेकिन दर्शकों के बीच उनका जलवा बरकरार है। पिछले कुछ समय से वह फिल्म गदर 2 को लेकर सुर्खियों में हैं। गदर के बाद गदर 2 से भी दर्शकों को बड़ी उम्मीदें हैं। आज यानी गणतंत्र दिवस के मौके पर फिल्म से सनी ने अपना फर्स्ट लुक भी प्रशंसकों के साथ शेयर कर दिया है। आइए जानते हैं उन्होंने अपने पोस्ट में क्या लिखा।

गदर 2 से सनी की झलक पहले भी सामने आई थी, लेकिन अब सनी ने अपनी इस बहुप्रतीक्षित फिल्म से अपना पहला पोस्टर प्रशंसकों के साथ साझा कर दिया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सनी ने कैप्शन में लिखा, हिन्दुस्तान जिंदाबाद है... जिंदाबाद था... और जिंदाबाद रहेगा। इस स्वतंत्रता दिवस हम दो दशक बाद बॉलीवुड का सबसे बड़ा सीक्वल लेकर आ रहे हैं। गदर 2 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल भी 11 अगस्त को रिलीज होगी, वहीं आलिया भट्ट की पहली हॉलीवुड फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन भी इसी दिन आएगी।

# रोहित शेट्टी की वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स की शूटिंग खत्म, शिल्पा शेट्टी ने दी जानकारी




अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और रोहित शेट्टी इन दिनों अपनी पहली वेब सीरीज को लेकर सुर्खियों में हैं। अब शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए बताया कि इसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है। उन्होंने रोहित और क्रू के साथ पोज देते हुए इसे अपनी ड्रीम टीम बताया। शिल्पा ने लिखा, यात्रा का अंत होना अच्छा है, लेकिन यह यात्रा है जो अंत में मायने रखती है। रोहित शेट्टी इस यात्रा को इतना यादगार बनाने के लिए शुक्रिया।

इस सीरीज के सभी बड़े एक्शन सीन रोहित खुद डायरेक्ट करेंगे। इसमें सिद्धार्थ, विवेक ओबेरॉय और शिल्पा मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# अब घर में ही बनाएं होटल जैसा 'वेज कुरमा'



काबुली चना सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। तो आज हम इससे तैयार करेंगे एक बहुत ही हेल्दी एंड टेस्टी सब्जी चना कोरमा, आइए जानते हैं इसकी रेसिपी।

## सामग्री :

काबुली चना- 1 कप (रातभर भिगोया हुआ), प्याज- 1 कप कटा हुआ, हरी मिर्च- 2 कटी हुई, टमाटर- 1/2 कप (कटा हुआ), अदरक- 2 इंच (कटा हुआ), लहसुन- 5 कलियां कटी हुई, जीरा- 1 टीस्पून, सौंफ- 1/2 टीस्पून, करी पत्ते- 10-12, हल्दी पाउडर- 1/4 टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर- 1 टीस्पून, धनिया पाउडर- 2 टीस्पून, गरम मसाला पाउडर- 1/2 टीस्पून, नमक- स्वादानुसार, तेल- 2 टेबलस्पून, घी- 1 टीस्पून, हरी धनिया गार्निशिंग के लिए **अन्य सामग्री-** नारियल- 1/2 कप (कद्दूकस किया), काजू- 3, खसखस- 1 टीस्पून, काली मिर्च- 1/2 टीस्पून, पानी- 1/4 कप

## विधि :

- काबुली चने को रातभर पानी में भिगोकर रख दें। कुकर में पांच से छह सीटी आने तक उबाल लें। कड़ाही में तेल गर्म करें। इसके बाद इसमें जीरे, सौंफ और करी पत्ते से तड़का लगाएं। इसके बाद प्याज, लहसुन, अदरक और हरी मिर्च डालकर कुछ देर भुनेंगे। प्याज के सुनहरा होने तक भूनें। कटे टमाटर, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च, धनिया पाउडर, गरम मसाला और नमक डालकर थोड़ी देर और भूनें जब तक वो तेल न छोड़ दें। अब बारी है इसमें उबले काबुली चने डालने की। चना मिक्स करके ढककर कम से कम 15 मिनट और पकाना है। तब तक कद्दूकस किए नारियल, खसखस, काजू और काली मिर्च को मिलाकर पतला पेस्ट तैयार कर लें। 15 मिनट बाद इस पेस्ट को काबुली चने वाले पेस्ट में मिक्स कर दें। गैस बंद कर दें और ऊपर से हरे धनिए से गार्निश कर सर्व करें।

# शब्द सामर्थ्य- 325

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 324 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# सू-दोकू- 325

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.324 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |